NHS



Lung Cancer Screening

आपको क्या जानने की आवश्यकता है

अधिक जानकारी के लिए जाएं:
www.nhs.uk/conditions/lung-cancer-screening

अधिकारी

सामग्री

फेफड़ों के कैंसर की स्क्रीनिंग के बारे	1
जल्दी निदान होने से क्यों फ़र्क पड़ता है	2
फेफड़ों के कैंसर की स्क्रीनिंग में क्या होता है?	2
फेफड़ों के स्कैन के दौरान क्या होता है?	4
फेफड़ों का स्कैन - संभावित परिणाम	5
आपको फेफड़ों के स्कैन के बारे में क्या जानने की आवश्यकता है	6
फेफड़ों का कैंसर क्या है?	8
फेफड़ों के कैंसर के क्या लक्षण हैं?	

अतिरिक्त सहायता

अपना टेक्स्ट यहाँ डालें

www.mft.nhs.uk/lunghealthcheck / 0161 529 0900

हम फेफड़े के कैंसर की स्क्रीनिंग क्यों पेश कर रहे है?

शुरुआती पड़ाव में अक्सर फेफड़ों के कैंसर के कोई संकेत या लक्षण नहीं होते हैं। इसके नतीजे में, फेफड़ों के कैंसर से पीड़ित कई लोगों का पता बाद के पड़ाव में चल रहा है।

अधिकतर फेफड़ों के कैंसर इतने धीरे-धीरे बढ़ते हैं कि फेफड़ों के स्कैन से उनका पता शुरुआती पड़ाव में ही चल जाता है।

फेफड़े के कैंसर की स्क्रीनिंग समस्याओं का जल्दी पता लगाने में मदद करती है, आमतौर पर इससे पहले कि आपको लगे कि कुछ गलत है, और उस पड़ाव पर जब उपचार आसान और अधिक सफल हो सकता है - जिससे आखिरकार ज़्यादा जानें बच सकती हैं।

फेफड़े के कैंसर की स्क्रीनिंग क्या है?

फेफड़े के कैंसर की स्क्रीनिंग एक दो-पड़ाव वाली प्रक्रिया है।



1. फेफड़ों के कैंसर होने की संभावना का मूल्यांकन करने के लिए एक स्वास्थ्य पेशेवर के साथ आपकी एक फ़ोन कॉल या मुलाकात होगी।
2. यदि आपको ऐसे व्यक्ति के रूप में पहचाना जाता है जिसे फेफड़ों का कैंसर होने की अधिक संभावना है, तो आपको एक त्वरित स्कैन के लिए बुलाया जाएगा। स्कैन आपके फेफड़ों की एक विस्तृत
छवि लेगा, जिसकी हम समीक्षा करेंगे। यदि फेफड़ों के कैंसर की कोई भी संभावना पाई जाती है, तो आपको परीक्षण या उपचार के लिए भेजा जाएगा।

आपको क्यों आमंत्रित किया जा रहा है

55 से 74 साल की उम्र के लोग जो धूम्रपान करते हैं या करते थे, उन्हें फेफड़े के कैंसर का खतरा अधिक होता है। अधिकतर लोगों में फेफड़ों का कैंसर नहीं होगा, लेकिन यदि है, तो हम जल्दी कार्रवाई कर सकते हैं और उपचार प्रदान कर सकते हैं। इस पुस्तिका आपको यह चुनने में मदद करने का उद्देश्य रखती है कि फेफड़े के कैंसर की स्क्रीनिंग में भाग लेना है या नहीं।

जल्दी निदान होने से क्यों फ़र्क पड़ता है

यदि फेफड़े के एक भाग में कोई समस्या है, और इसका जल्दी पता चल जाता है, तो उपचार केवल उसी हिस्से पर केंद्रित हो सकता है जो प्रभावित है। यदि बाद में पता चलता है तो समस्या फेफड़ों और शरीर के दूसरे हिस्सों में फैल सकती है, जो इसके उपचार को और मुश्किल बना देता है।

फेफड़ों के कैंसर की स्क्रीनिंग में क्या होता है?

फेफड़े के कैंसर की स्क्रीनिंग के दो भाग हैं: पहला भाग फेफड़े के स्वास्थ्य की जांच और दूसरा भाग फेफड़े का स्कैन है। आपके शुरुआती मूल्यांकण के परिणाम तय करेंगे कि आपको फेफड़े के स्कैन की आवश्यकता है या नहीं। पूरी प्रक्रिया के दौरान आपके पास स्वास्थ्य पेशेवरों से बात करने और कोई भी सवाल पूछने के लिए काफी समय होगा।

अधिक जानकारी और समर्थन के लिए कॉल करें 0161 529 0900

1. फेफड़ा स्वास्थ्य जांच

आपकी सांस लेने की समस्या, फेफड़ों के पूरे स्वास्थ्य, जीवनशैली और पारिवारिक और डॉक्टरी इतिहास पर बात करने के लिए एक स्वास्थ्य पेशेवर से आपकी एक फोन कॉल या मुलाकात होगी। एक खतरे के स्कोर की गिनती की जाएगी और यह अगल कदम तय करेगा।

यदि आप वर्तमान में धूम्रपान करते हैं और इसे छोड़ना चाहते हैं, तो हम आपको और मदद के लिए आपकी स्थानीय धूम्रपान छोड़ने वाली सेवा से जोड़ सकते हैं। हम समझते हैं कि धूम्रपान छोड़ना चुनौतीपूर्ण है और हम आपके निर्णय का सम्मान करते हैं।

तीन संभावित परिणाम हैं:

कोई समस्या नहीं मिली

हो सकता है स्वास्थ्य पेशेवर को आगे देखने के लिए कुछ ना मिले। आपको फेफड़ों के स्कैन की आवश्यकता नहीं है। आपको आपके खतरे का फिर से आकलन करने के लिए भविष्य में किसी तिथि पर वापस बुलाया जा सकता है।

एक फेफड़ों के स्कैन की पेशकश

यदि आपके फेफड़े के स्वास्थ्य जांच में पता चलता है कि आप एक खास स्तर के खतरे को पूरा करते हैं, तो आपके फेफड़ों में फेफड़ों के कैंसर के लक्षणों की जांच के लिए आपको फेफड़ों के स्कैन की पेशकश की जाएगी।

आपके जीपी या स्थानीय हॉस्पिटल में रेफरल

यदि समस्याएँ पाई जाती हैं लेकिन आपको स्कैन की ज़रूरत नहीं है, तो स्वास्थ्य पेशेवर आपको आपके जीपी या किसी दूसरे स्पेशलिस्ट के पास भेज सकते हैं।

तीनों मामलों में हम आपके जीपी को बताने के लिए उन्हें लिखेंगे।

2. फेफड़ा स्कैन

आपको अपने फेफड़ों का एक त्वरित स्कैन करवाने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

यह एक विशेष सीटी (कंप्यूटेड टोमोग्राफी) स्कैन है जो रेडिएशन की बहुत कम खुराक का और आपके फेफड़ों की विस्तृत तस्वीर लेने के लिए कंप्यूटर का उपयोग करता है।

फेफड़ों के स्कैन के दौरान क्या होता है?

आपको अपने स्कैन की तैयारी के लिए कुछ भी करने की आवश्यकता नहीं है।

1. स्कैन के दौरान, आप आमतौर पर एक बिस्तर पर पीठ के बल लेटेंगे जो सीटी स्कैनर से होकर गुज़रता है। स्कैनर एक गोल आकार का होता है और जब आप इससे गुजरते हैं तो यह आपके शरीर के एक छोटे से हिस्से के चारों ओर घूमता है।
2. खास तौर पर प्रशिक्षित स्टाफ (जिन्हें रेडियोग्राफर कहते हैं) सीटी रूम में एक स्क्रीन के पीछे से स्कैनर को कंट्रोल करते हैं स्कैन के दौरान आप उन्हें देख और उनसे बात कर पाएंगे।
3. जब स्कैन लिया जाता है, तो आपको 10 सेकंड के लिए स्थिर लेटना होगा और सांस लेने के आसान निर्देशों का पालन करना होगा। यह सुनिश्चित करता है कि तस्वीरें धुंधली न हों।
4. स्कैन दर्दरहित है और आप स्कैन से पहले और बाद में सामान्य तरीके से खा-पी और गाड़ी चला सकेंगे। इस स्कैन के लिए किसी इंजेक्शन की ज़रूरत नहीं है। ज़्यादातर लोगों को कपड़े उतारने की ज़रूरत नहीं होगी क्योंकि सीटी स्कैन पूरे कपड़े पहने हुए किया जा सकता है। पर, , कृपया धातू वाली ज्वेलरी और कपड़े (जैसे ज़िप) पहनने से बचें, क्योंकि इन्हें उतारना होगा।

फेफड़ों का स्कैन - संभावित परिणाम

आपको चार हफ़्ते के अंदर हमसे अपने परिणाम मिलेंगे। चार संभावित परिणाम हैं।

कोई समस्या नहीं मिली

इसका मतलब है कि हमनें स्कैन पर फेफड़ों के कैंसर के कोई संकेत नहीं देखे। हम आपको परिणामों के साथ लिखेंगे और आपको दो साल में एक और स्कैन के लिए वापस आने के लिए कहेंगे। हालांकि, यह अभी भी संभव है कि स्कैन के बीच में फेफड़ों का कैंसर विकसित हो जाए या स्कैन ने इसे ना ढूँढा हो। यदि आप अगले स्कैन से पहले कुछ ऐसा देखते हैं जो आपके लिए सामान्य नहीं है या पेज 9 पर दिए गए लक्षणों में से कोई भी लक्षण हैं, तो अपने डॉक्टर को बताएं।

दूसरे स्कैन की आवश्यकता

इसका आमतौर पर मतलब होता है कि स्कैन में कुछ है लेकिन इस समय हम यह नहीं बता सकते कि इसका कारण क्या है। यह शायद कोई नुकसान न पहुंचाने वाली चीज़ है, लेकिन क्योंकि यह अधिक गंभीर हो सकता है, इसलिए हम आपको लगभग तीन या बारह महीने में एक और स्कैन के लिए आने के लिए कहेंगे, बस जांच करने के लिए।

आगे परीक्षण आवश्यक

इसका मतलब है कि हमने स्कैन में कुछ देखा है और आपको आगे परीक्षण की आवश्यकता है, जिसमें बायोप्सी शामिल हो सकती है। हम आपको कॉल करेंगे और अस्पताल को लिखेंगे ताकि आगे की जांच के लिए आपको जल्दी से डॉक्टर द्वारा देखा जा सके।

कोई और समस्या मिली

स्कैन मुख्य रूप से फेफड़ों के कैंसर का पता लगाने के लिए बनाया गया है, लेकिन यह कभी-कभी अन्य समस्याओं का भी पता लगा सकता है। ये गंभीर से लेकर कम गंभीर तक हो सकती हैं। हम आपको और आपके जीपी को लिखेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि आपको किसी भी महत्वपूर्ण चीज़ के लिए सही स्पेशलिस्ट के पास भेजा जाता है, जिसके लिए उपचार की आवश्यकता हो सकती है।

आपको फेफड़ों के स्कैन के बारे में क्या जानने की आवश्यकता है

शुरुआती फेफड़ों के कैंसर का उपचार अक्सर सफल होता है

फेफड़े के कैंसर की स्क्रीनिंग के माध्यम से आपको शुरुआती पड़ाव में पता चलने की संभावना तीन गुना ज़्यादा होती है।

छोटे और शुरुआती फेफड़ों के कैंसर को अक्सर ऑपरेशन से पूरी तरह से हटाया जा सकता है या रेडियोथेरेपी से उपचार किया जा सकता है।

खोज सुझाव देती है सीटी स्कैन का उपयोग करके फेफड़ों के कैंसर की स्क्रीनिंग करने से कैंसर से मरने का खतरा लगभग 25% तक कम हो सकता है।

कम खुराक वाला सीटी स्कैन आपको थोड़ी मात्रा में रेडिएशन के संपर्क में लाएगा

यह प्राकृतिक वातावरण से लगभग एक साल के रेडिएशन के बराबर है।

रेडिएशन सेलों को नुकसान करने का कारण बन सकता है जो कई सालों या दशकों बाद कैंसर बन सकते हैं। आगे सीटी स्कैन की आवश्यकता है तो यह आपको और अधिक रेडिएशन के सामना करेगा।

फेफड़ों के कैंसर का जल्दी पता चलने के लाभों की तुलना में, इन सीटी स्कैनों से कैंसर होने का कुल खतरा बहुत कम होता है।

बहुत कम संख्या वाले लोगों के लिए स्कैन में हमेशा कैंसर नहीं ढूँढता कि जो वहाँ है

इसे झूठ नकारात्मक कहते हैं। आपको फिर भी भविष्य में फेफड़ों का कैंसर हो सकता है। यदि आप किसी भी समय लक्षण दर्शाने लगें तो कृपया अपने डॉक्टर से मिलें।

कुछ लोगों में, स्कैन कुढ उठाता है, भले ही उन्हें फेफड़ों का कैंसर न हो

इसे एक झूठा सकारात्मक परिणाम कहते हैं और इसका मतलब होगा कि यह पुष्टि करने के लिए कि आपको कैंसर नहीं है आपको और परीक्षण करवाने होंगे।

स्कैन फेफड़ों के ऐसे कैंसर का पता लगा सकते है जो किसी व्यक्ति को कभी नुकसान नहीं पहुंचाएगा डॉक्टर हमेशा यह नहीं बता सकते कि कैंसर आगे चलकर जानलेवा होगा या नहीं। परिणामस्वरूप, कुछ लोगों को ऐसा उपचार प्राप्त होगा जिसकी
हो सकता है उन्हें आवश्यकता न हो। यह फेफड़ों के कैंसर की स्क्रीनिंग में असामान्य है।

फेफड़े का कैंसर क्या है?

फेफड़े का कैंसर सबसे आम तरह के कैंसर में से एक है।

यह तब होता है जब असामान्य कोशिकाएं अनियंत्रित तरीके से विभाजित होकर फेफड़े में ट्यूमर बनाती हैं।

शुरुआती पड़ावों में फेफड़ों के कैंसर के आमतौर पर कोई संकेत या लक्षण नहीं होते हैं।

कैंसर का जल्दी पता चलने का मतलब है कि उपचार के सफल होने की संभावना अधिक होती है।

अधिकतर फेफड़ों के कैंसर इतने धीरे-धीरे बढ़ते हैं कि एक कम खुराक सीटी स्कैन से उनका पता शुरुआती पड़ाव में ही चल जाता है।

फेफड़ों के कैंसर का जल्दी पता लगने से किसी व्यक्ति के अनुभव और उपचार के परिणाम में सच में सुधार हो सकता है। इसीलिए फेफड़ों के कैंसर की स्क्रीनिंग की पेशकश की जाती है।



फेफड़ों के कैंसर के क्या लक्षण हैं?

स्कैनों के बीच में फेफड़ों का कैंसर बढ़ना शुरू हो सकता है और स्कैन कभी-कभी फेफड़ों के कैंसर का पता नहीं कर पाते। यह ऐसी किसी चीज़ पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है जो आपके लिए असामान्य है, विशेषकर:

- लगातार खांसी या आपकी सामान्य खांसी में बदलाव
- खून की खांसी आना
- सांस फूलना
- बिना किसी वजह के थकान या वज़न कम होना
- सांस लेते या खांसते समय दर्द होना
- भूख कम लगना

यदि आप इनमें से एक या अधिक लक्षणों को देखते हैं, तो जल्द से जल्द अपने जीपी के पास जाएं। एक दूसरे स्कैन की प्रतीक्षा न करें।

मैं फेफड़ों के कैंसर के खतरे को कम करने के लिए क्या कर सकता/ती हूँ?

कई लोग जो सालों से धूम्रपान कर रहे हैं और जिन्होंने कई बार छोड़ने की कोशिश की है, उन्होंने सफलतापूर्वक धूम्रपान छोड़ दिया है।

आप धूम्रपान करते हैं और इसे छोड़ना चाहते हैं, तो आपके लिए दोस्ताना, निःशुल्क और स्थानीय धूम्रपान छोड़ने वाली सेवा मौजूद हैं, आप हमसे संपर्क कर सकते हैं।

आपके फेफड़े के कैंसर की स्क्रीनिंग अपॉइंटमेंट पर एक स्वास्थ्य पेशेवर आपको इन सेवाओं के बारे में बता सकते हैं, आप अपने जीपी से पूछ सकते हैं, NHS स्मोकफ्री से 0300 123 1044 पर संपर्क कर सकते हैं या यहां जा सकते हैं www.nhs.uk/smokefree.

अधिक जानकारी और समर्थन के लिए कॉल करें 0161 529 0900

Lung Cancer Screening

NHS

फेफड़ों के कैंसर, फेफड़ा कैंसर स्क्रीनिंग और धूम्रपान पर सलाह के बारे में अधिक जानकारी के लिए

NHS फेफड़ों का कैंसर जानकारी
www.nhs.uk/conditions/lung-cancer

48NHS स्मोकफ्री
www.nhs.uk/smokefree

कैंसर रिसर्च यूके
www.cruk.org/lunghealthchecks
www.cruk.org/about-cancer/lung-cancer
www.cruk.org/smoking

रॉय कैसल लंग कैंसर फाउंडेशन
www.roycastle.org/information
www.roycastle.org/help-and-support

अस्थमा + लंग यूके www.asthmaandlung.org.uk/symptoms-tests-treatments/ tests/lung-health-checks

धूम्रपान छोड़ने की सेवाओं/संपर्क जानकारी आदि पर स्थानीय जानकारी।

अपना टेक्स्ट यहाँ डालें

www.makesmokinghistory.co.uk